**Series R4PSQ/4** **SET~1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/4/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।

Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(ii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।

Please check that this question paper contains **34** questions.

(iii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **80***



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है – खण्ड **क** तथा **ख** ।*

*खण्ड-**क** : समष्टि अर्थशास्त्र*

*खण्ड-**ख** : भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **60** से **80** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । इन प्रश्नों के उत्तर **100** से **150** शब्दों में लिखे जाने चाहिए ।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए ।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

*(ix)* *प्रश्न पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

## खण्ड – क
## (समष्टि अर्थशास्त्र)

1. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) और कारण (R) । नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए : 1

**अभिकथन (A) :** अन्य बातें समान रहने पर, घरेलू मुद्रा के अवमूल्यन से किसी राष्ट्र की राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है ।

**कारण (R) :** स्थिर विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत, किसी राष्ट्र की घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन विदेशी मुद्रा के संबंध में घरेलू मुद्रा के मूल्य में कमी को संदर्भित करता है ।

**विकल्प** :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***General Instructions :***

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper contains **two** sections :*
*Section – **A** : Macro Economics*
*Section – **B** : Indian Economic Development*

*(iii)* *This paper contains **20** Multiple Choice Questions type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *This paper contains **4** Short Answer Questions Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in **60** to **80** words.*

*(v)* *This paper contains **6** Short Answer Questions Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in **80** to **100** words.*

*(vi)* *This paper contains **4** Long Answer Type Questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in **100** to **150** words.*

*(vii)* *Attempt all parts of a question together.*

*(viii)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION – A
## (Macro Economics)

1. Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R). Choose one of the correct alternatives given below : **1**

**Assertion (A) :** Ceteris Paribus, Devaluation of domestic currency leads to an increase in National Income of a nation.

**Reason (R) :** Devaluation of domestic currency refers to reduction in the value of domestic currency with respect to foreign currency, under the fixed exchange rate system.

**Alternatives :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

2. किसी अर्थव्यवस्था में केन्द्रीय बैंक मुद्रा आपूर्ति को ________ में ________ करके कम कर सकता है। 1

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।)

(A) बैंक दर, वृद्धि
(B) नकद आरक्षित अनुपात, कमी
(C) बैंक दर, कमी
(D) सरकारी प्रतिभूतियों, क्रय

3. पहचानें कि, भारतीय अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित में से कौन विदेशी मुद्रा की माँग का स्रोत **नहीं** है ? 1

(सही विकल्प का चयन करें।)

(A) वस्तुओं व सेवाओं का आयात।
(B) भारत में रहने वाले विदेशियों द्वारा विदेशों में अपने परिवारों को प्रेषित धन।
(C) विदेश यात्रा पर जाने वाले भारतीय पर्यटक।
(D) शेष विश्व (ROW) से प्राप्त ऋण।

4. यदि एक सीधी रेखा उपभोग फलन Y-अक्ष पर सकारात्मक अवरोधन बनाता है, तो इसका तात्पर्य है कि, आय के स्तर में वृद्धि से सीमांत उपभोग प्रवृत्ति ________ और औसत उपभोग प्रवृत्ति ________। 1

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।)

(A) स्थिर रहेगी, बढ़ेगी
(B) गिरेगी, गिरेगी
(C) बढ़ेगी, बढ़ेगी
(D) स्थिर रहेगी, गिरेगी

5. ________ विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत, केन्द्रीय बैंक सीमाबद्ध तरीके से विदेशी विनिमय दर में वृद्धि / कमी को नियंत्रित कर सकता है। (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें।) 1

(A) स्थिर
(B) नम्य
(C) प्रबंधित तिरती
(D) स्वर्ण मानक

6. निम्नलिखित में से, किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति की **असत्य** विशेषता(ओं) की पहचान करें : 1

(i) इसे एक समय अवधि में मापा जाता है।
(ii) इसमें किसी राष्ट्र की सरकार के पास रखे मुद्रा भंडार को सम्मिलित किया जाता है।
(iii) यह सदैव किसी राष्ट्र के केन्द्रीय बैंक के पास रखी हुई मुद्रा को दर्शाता है।

**विकल्प :**

(A) मात्र (i)
(B) (ii) व (iii)
(C) (i) व (ii)
(D) (i), (ii) व (iii)



collegedunia
India's largest Student Review Platform

2. The Central Bank can reduce the Money Supply in the economy by _______ the _______. (Fill up the blanks with correct alternative.) **1**

(A) increasing, bank rate
(B) decreasing, cash reserve ratio
(C) decreasing, bank rate
(D) buying, government securities

3. Identify, which of the following is **not** a source of demand for foreign exchange for Indian economy ? (Choose the correct alternative.) **1**

(A) Import of goods and services
(B) Remittances by foreigners living in India to their families abroad
(C) Indian tourists visiting foreign countries
(D) Loans from Rest of the World (ROW)

4. If a straight line consumption function makes a positive intercept at the Y-axis, it implies that the Marginal Propensity to Consume ________ and Average Propensity to Consume _________ as the level of income rises. **1**

(Fill up the blanks with correct alternative.)

(A) remains constant, rises
(B) falls, falls
(C) rises, rises
(D) remains constant, falls

5. Under the _________ Exchange Rate System, the Central Bank can control the rise / fall of foreign exchange rate in a range bound manners. **1**

(Fill up the blank with correct alternative.)

(A) fixed
(B) flexible
(C) managed floating
(D) gold standard

6. Identify the **incorrect** feature(s) of the Money Supply in an economy, from the following : **1**

(i) It is measured during a period of time.
(ii) It includes stock of money held by the government of a nation.
(iii) It always represents the currency held with Central Bank of the Nation.

**Alternatives :**

(A) (i) only
(B) (ii) and (iii)
(C) (i) and (ii)
(D) (i), (ii) and (iii)



collegedunia
India's largest Student Review Platform

7. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) और कारण (R) । नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए : **1**

**अभिकथन (A) :** मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद किसी राष्ट्र की आर्थिक संवृद्धि का बेहतर संकेतक है ।

**कारण (R) :** वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य को वर्तमान वर्ष के मूल्यों पर मापा जाता है ।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

8. दी गई तालिका द्वारा, आय के उस स्तर की पहचान करें जहाँ औसत बचत प्रवृत्ति (APS) शून्य होगी : **1**

(सही विकल्प का चयन करें ।)

| **आय (₹ करोड़)** | 0 | 50 | 100 | 200 | 300 | 400 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **उपभोग (₹ करोड़)** | 50 | 75 | 100 | 150 | 200 | 250 |

**विकल्प :**

(A) 50 (B) 100

(C) 200 (D) 0

9. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : **1**

**कथन 1 :** उपभोग व बचत एक अर्थव्यवस्था के राष्ट्रीय उत्पादन के घटक हैं ।

**कथन 2 :** आय का उच्च स्तर प्राय: अल्प बचत का कारण बनता है ।

दिए गए कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

7. Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R). Choose one of the correct alternatives given below : **1**

**Assertion (A) :** Real Gross Domestic Product is a better indicator of economic growth of a nation as compared to Nominal Gross Domestic Product.

**Reason (R) :** Real Gross Domestic Product measures the value of goods and services at current year prices.

**Alternatives :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

8. From the given table, identify that level of income, where Average Propensity to Save (APS) becomes Zero. **1**

(Choose the correct alternative.)

| **Income (₹ crore)** | 0 | 50 | 100 | 200 | 300 | 400 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Consumption (₹ crore)** | 50 | 75 | 100 | 150 | 200 | 250 |

**Alternatives :**

(A) 50 (B) 100

(C) 200 (D) 0

9. Read the following statements carefully : **1**

**Statement 1 :** Consumption and Savings are the components of National output of an economy.

**Statement 2 :** Higher level of Income often leads to lower savings.

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.



collegedunia India's largest Student Review Platform

10. यदि किसी राष्ट्र की सरकार स्फीतिकारी अंतराल की स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है, तो निम्नलिखित को सही अनुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें : 1

(i) प्रयोज्य आय में कमी

(ii) करों में वृद्धि

(iii) समग्र माँग में कमी

**विकल्प :**

(A) (i), (ii), (iii)
(B) (iii), (ii), (i)
(C) (ii), (iii), (i)
(D) (ii), (i), (iii)

11. (a) निम्नलिखित सूचना का उपयोग करते हुए, साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद ($NNP_{FC}$) के मूल्य का अनुमान लगाएँ : 3

| क्रम सं. | मदें | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | घरेलू उपभोग व्यय | 1,200 |
| (ii) | व्यावसायिक स्थायी निवेश व्यय | 800 |
| (iii) | सरकारी अंतिम उपभोग व्यय | 500 |
| (iv) | निर्यात पर आयात की अधिकता | 100 |
| (v) | शुद्ध अप्रत्यक्ष कर | 150 |
| (vi) | मालसूची (Inventory) में परिवर्तन | (–) 50 |
| (vii) | स्थिर पूँजी का उपभोग | 200 |
| (viii) | विदेशों से शुद्ध कारक आय | 80 |
| (ix) | सार्वजनिक स्थायी निवेश | 70 |

**अथवा**

(b) "आय के चक्रीय प्रवाह के निस्तारण चरण (Disposition Phase) में कारक आय का प्रवाह सम्मिलित होता है, जिसमें फर्मों से गृहस्थों को किराया, मजदूरी, ब्याज व लाभ शामिल होता है।" अपने उत्तर के समर्थन में कारण बताते हुए, कथन का खंडन या समर्थन करें। 3



collegedunia India's largest Student Review Platform

10. Arrange the following in the correct sequential order, if the government of a nation is trying to curtail the situation of inflationary gap : **1**

(i) Decrease in disposable income

(ii) Increase in taxes

(iii) Decrease in Aggregate Demand

**Alternatives :**

(A) (i), (ii), (iii) (B) (iii), (ii), (i)

(C) (ii), (iii), (i) (D) (ii), (i), (iii)

11. (a) Estimate the value of Net National Product at Factor Cost ($NNP_{FC}$), using the following information : **3**

| S. No. | Items | Amount (in ₹ crores) |
|---|---|---|
| (i) | Household Consumption Expenditure | 1,200 |
| (ii) | Business Fixed Investment Expenditure | 800 |
| (iii) | Government Final Consumption Expenditure | 500 |
| (iv) | Excess of Imports over Exports | 100 |
| (v) | Net Indirect Taxes | 150 |
| (vi) | Change in Inventory | (–) 50 |
| (vii) | Consumption of fixed capital | 200 |
| (viii) | Net factor Income from Abroad | 80 |
| (ix) | Public fixed investment | 70 |

**OR**

(b) "Disposition Phase of circular flow of Income involves flow of factor Income, which comprises of rent, wages, interest and profits from firms to households."

Defend or refute the statement, giving valid reasons in support of your answer. **3**



collegedunia India's largest Student Review Platform

12. भारत के भुगतान संतुलन के अंतर्गत स्वायत्त व समायोजन मदों का सोदाहरण अर्थ बताएँ। **3**

13. मान लीजिए, भारत सरकार ने ₹ 40,000 करोड़ की रक्षा परियोजना के साथ सार्वजनिक निवेश को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। **4**

अन्य सभी कारकों को अपरिवर्तित मानते हुए, दी गई स्थिति के अर्थव्यवस्था की आय, रोजगार व उत्पादन पर संभावित प्रभावों की व्याख्या करें।

14. भारतीय रिज़र्व बैंक के 'बैंकों के बैंक व पर्यवेक्षक' कार्य की व्याख्या करें। **4**

15. (a) मान लीजिए, एक अर्थव्यवस्था संतुलन में है। निम्नलिखित आँकड़ों द्वारा अर्थव्यवस्था में निवेश व्यय की गणना करें। **4**

(i) राष्ट्रीय आय = ₹ 40,000 करोड़

(ii) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 0.8

(iii) स्वायत्त उपभोग ($\bar{c}$) = ₹ 100 करोड़

**अथवा**

(b) "मुद्रा अवस्फीति को सही करने के उद्देश्य से, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) 'बैंक दर' में कमी कर सकता है।" **4**

RBI द्वारा उठाए जाने वाले इस कदम के तर्काधार की विवेचना करें।

16. (a) निम्नलिखित को मान्य कारणों द्वारा, पूँजीगत प्राप्तियों अथवा राजस्व प्राप्तियों में वर्गीकृत करें : **6**

(i) एक महारत्न कम्पनी से सरकार को प्राप्त लाभांश।

(ii) खुले बाज़ार में किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (PSU) के अंशों (Share) की बिक्री से सरकार को प्राप्ति।

(iii) श्रीलंका सरकार द्वारा भारत सरकार को चुकाया गया ऋण।

**अथवा**

(b) (i) 'एक अर्थव्यवस्था में आय व सम्पत्ति के वितरण में असमानताओं को कम करने में सरकारी बजट एक उपयोगी साधन हो सकता है।' **4**

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य तर्क प्रस्तुत करें।

(ii) राजकोषीय घाटे का अर्थ व सूत्र लिखें। **2**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

12. State the meaning of autonomous and accommodating items, under Balance of Payments of India, with the help of an example. **3**

13. Suppose, the Indian Government decides to boost public investments with a defence project of ₹ 40,000 crore. **4**

Explain the likely impacts of the given situation on the Income, Employment and Output of the economy, assuming all other factors constant.

14. Elaborate the 'Banker's Bank and Supervisor' function of the Reserve Bank of India. **4**

15. (a) Suppose an economy is in equilibrium. From the following data, calculate Investment Expenditure in the economy : **4**

    (i) National Income = ₹ 40,000 crore

    (ii) Marginal Propensity to Consume (MPC) = 0.8

    (iii) Autonomous Consumption ($\bar{c}$) = ₹ 100 crore

**OR**

(b) "With the objective to correct deflation, Reserve Bank of India may decrease the Bank rate." **4**

Discuss the rationale behind the step taken by the Reserve Bank of India (RBI).

16. (a) With valid reasons, classify the following into Capital receipts or Revenue receipts of the government : **6**

    (i) Dividend received by the government from a Maharatan company.

    (ii) Receipts of the government from sale of shares of a Public Sector Undertaking (PSU) in open market.

    (iii) Debt cleared by Sri Lanka Government to the Indian Government.

**OR**

(b) (i) 'Government Budget can be a useful instrument in reducing inequalities in the distribution of income and wealth in an economy.' **4**

Do you agree with the given statement ? Present valid arguments in favour of your answer.

(ii) State the meaning and formula of Fiscal deficit. **2**



collegedunia India's largest Student Review Platform

17. (a) "पिछले कुछ दशकों में, संरचनात्मक ढाँचे में तीव्र वृद्धि से उत्पन्न सकारात्मक बाह्यताओं से भारतीय अर्थव्यवस्था काफ़ी लाभान्वित हुई है।"

दिए गए कथन को वैध तर्कों द्वारा सिद्ध करें। **3**

(b) मूल्य वर्धन विधि द्वारा राष्ट्रीय आय के आकलन से संबंधित चरणों का वर्णन करें। **3**

## खण्ड – ख

## (भारतीय आर्थिक विकास)

18. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) और कारण (R)। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए : **1**

**अभिकथन (A) :** लाइसेंस परमिट राज निजी क्षेत्र के विकास में एक बाधा थी।

**कारण (R) :** निजी क्षेत्र ने उत्पाद, गुणवत्ता व अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार के बजाय लाइसेंस प्राप्त करने में बड़ी राशि बर्बाद की थी।

**विकल्प** :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।

19. पहचानें कि निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प, कृषि विपणन प्रणाली के **असत्य** घटकों के अनयोजनों को दर्शाता है ? **1**

(A) संयोजन, भंडारण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग (B) उत्पादन, संयोजन, प्रसंस्करण, ग्रेडिंग

(C) संयोजन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, परिवहन (D) प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ग्रेडिंग, वितरण



collegedunia
India's largest Student Review Platform

17. (a) "In the past few decades, Indian economy has been fairly benefitted by positive externalities created by rapid rise in infrastructure." Justify the given statement with valid arguments. **3**

(b) State the steps pertaining to the estimation of National Income by Value Added Method. **3**

## SECTION – B

## (Indian Economic Development)

18. Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R). Choose one of the correct alternatives given below : **1**

**Assertion (A) :** License Permit Raj was a major obstacle for growth of private sector.

**Reason (R) :** Private sector wasted huge amount in obtaining licences, rather than on improving the product, quality and international competitiveness.

**Alternatives :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

19. Identify, which of the following alternative indicates towards **<u>incorrect</u>** components combination of Agricultural Marketing System ? **1**

(A) Assembling, Storage, Processing, Packaging

(B) Production, Assembling, Processing, Grading

(C) Assembling, Processing, Packaging, Transportation

(D) Processing, Packaging, Grading, Distribution



collegedunia India's largest Student Review Platform

20. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : 1

**कथन 1 :** चीन ने अपने नागरिकों के लिए अतिरिक्त सामाजिक व आर्थिक अवसर उत्पन्न करने के लिए बाज़ार तंत्र का उपयोग किया है ।

**कथन 2 :** चीन में सरकार द्वारा सामाजिक संरचनात्मक ढाँचे के निर्माण ने मानव विकास संकेतकों में सकारात्मक परिणाम दिए हैं ।

दिए गए कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

21. निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें : 1

**कथन 1 :** राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) के अनुसार, बेरोज़गारी वह अवस्था है, जिसमें व्यक्ति काम के अभाव के कारण बिना काम के रह जाते हैं । वे कार्यरत व्यक्ति नहीं है, परन्तु संभावित रोज़गारदाताओं से काम माँग रहे हैं । वर्तमान परिस्थितियों व प्रचलित मजदूरी दर पर काम करने की इच्छा प्रकट कर कार्य तलाशते हैं ।

**कथन 2 :** भारत जैसे अत्यधिक आबादी वाले देश में प्रच्छन्न बेरोज़गारी आमतौर पर एक बड़ी समस्या है ।

दिए गए कथनों के आलोक में निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है ।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है ।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं ।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं ।

22. ब्रिटिश शासन के अंतर्गत, कृषि के व्यावसायीकरण के परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन ________ फ़सलों से ________ फ़सलों में स्थानांतरित हो गया । (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करें ।) 1

(A) नकद, खाद्य

(B) कपास, जूट

(C) खाद्य, नकद

(D) जूट, खाद्य



collegedunia
India's largest Student Review Platform

20. Read the following statements carefully : 1

**Statement 1 :** China has used the market mechanism to create additional social and economic opportunities for its citizens.

**Statement 2 :** In China, Social Infrastructure created by the government brought positive results in human development indicators.

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statement 1 and 2 are true.

(D) Both Statement 1 and 2 are false.

21. Read the following statements carefully : 1

**Statement 1 :** As per National Sample Survey Organisation (NSSO) unemployment is a situation in which all those who, owing to lack of work, are not working, but seeking work from prospective employers, expressed their willingness to work under the prevailing condition of work and remuneration.

**Statement 2 :** Disguised unemployment is generally a massive problem in the highly populated country like India.

In the light of the given statements, choose the correct alternative from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statement 1 and 2 are true.

(D) Both Statement 1 and 2 are false.

22. Under the British Rule, commercialization of agriculture resulted in shifting of agricultural production from ________ crops to ________ crops. 1

(Fill up the Blanks with correct alternative.)

(A) Cash, Food (B) Cotton, Jute

(C) Food, Cash (D) Jute, Food



collegedunia
India's largest Student Review Platform

23. भारत में आर्थिक सुधार वर्ष ________ में और पाकिस्तान में वर्ष ________ में प्रारंभ किए गए थे । 1

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करें ।)

(A) 1978, 1988
(B) 1988, 1978
(C) 1978, 1991
(D) 1991, 1988

24. ________ कृषि की एक ऐसी प्रणाली है, जो पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करती है, बनाए रखती है तथा वृद्धि करती है । (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।) 1

(A) पारंपरिक
(B) रासायनिक
(C) जैविक
(D) बहुस्तरीय

25. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए : अभिकथन (A) और कारण (R) । नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए : 1

**अभिकथन (A) :** भारत व पाकिस्तान के विकास अनुभवों में कई समानताएँ हैं ।

**कारण (R) :** भारत व पाकिस्तान दोनों ने एक बड़ा निजी क्षेत्र बनाने पर अधिक बल दिया था ।

**विकल्प** :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है ।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है ।

26. पहचान करें कि निम्नलिखित में से कौन सा पर्यावरण का एक कार्य **नहीं** है ? 1

(i) अपशिष्ट का बहिष्करण
(ii) जीवन की स्थिरता
(iii) सौंदर्य संबंधी सेवाएँ प्रदान करना

**विकल्प :**

(A) मात्र (i)
(B) मात्र (ii)
(C) (ii) व (iii)
(D) (i) व (ii)



collegedunia
India's largest Student Review Platform

23. Economic reforms were introduced in the year _______ in India and in the year _______ in Pakistan. (Fill up the blanks with correct alternative.) **1**

(A) 1978, 1988 (B) 1988, 1978

(C) 1978, 1991 (D) 1991, 1988

24. _______ farming is the system that restores, maintains and enhances the ecological balance. (Fill up the blank with correct alternative.) **1**

(A) Conventional (B) Chemical

(C) Organic (D) Multi-layered

25. Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R). Choose one of the correct alternatives given below : **1**

**Assertion (A) :** The developmental experiences of India and Pakistan have a lot of similarities.

**Reason (R) :** Both India and Pakistan laid emphasis on creating a large private sector.

**Alternatives :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

26. Identify, which of the following is **not** a correct function of environment ? **1**

(i) Exclusion of waste

(ii) Sustainance of life

(iii) Provide aesthetic services

**Alternatives :**

(A) (i) only (B) (ii) only

(C) (ii) & (iii) (D) (i) & (ii)



collegedunia
India's largest Student Review Platform

27. 1970 के दशक में, पाकिस्तान ने अपने ________ उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया था। 1

(सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें।)

(A) चिकित्सा बुनियादी ढाँचा (B) उपभोक्ता वस्तु

(C) पूँजीगत वस्तु (D) विदेशी व्यापार

28. (a) 'कृषि उपदान सरकारी वित्त पर भारी बोझ डालती है, परन्तु निर्धन व सीमांत कृषकों के लिए यह अति आवश्यक है।' 3

दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध करें।

**अथवा**

(b) भारत की विकास यात्रा में लघु उद्योगों की भूमिका पर संक्षेप में चर्चा करें। 3

29. स्वतंत्रता उपरांत अवधि में, कृषि में 'बिचौलियों के उन्मूलन' से समता के लक्ष्य को पूरा किया गया था। 3

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? वैध तर्कों द्वारा अपने उत्तर का समर्थन करें।

30. (a) (i) "भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सेवाकालीन शिक्षकों के प्रशिक्षण पर बहुत जोर देती है।" 3

दिए गए कथन के आलोक में, किसी भी राष्ट्र के शिक्षा क्षेत्र के उत्थान में इस प्रकार के सेवाकालीन प्रशिक्षण के कोई दो लाभों का उल्लेख व व्याख्या करें।

(ii) आकस्मिक मजदूरी श्रमिक को परिभाषित करें। 1

**अथवा**

(b) (i) ऐसे किन्हीं दो कारणों की व्याख्या करें, जिनके कारण नियमित वेतनभोगी रोज़गार में महिलाओं की अल्प संख्या पाई जाती है। 3

(ii) श्रमिक – जनसंख्या अनुपात को परिभाषित करें। 1

31. (a) "कई विद्वान भारत, पाकिस्तान व चीन में पुत्र प्राथमिकता को सामान्य परिस्थिति मानते हैं।" 2

विषम लिंगानुपात के आलोक में दिए गए कथन को सिद्ध करें।

(b) किन्हीं दो स्वतंत्रता संकेतकों का उल्लेख करें। 2



collegedunia
India's largest Student Review Platform

27. In the decade of 1970's, Pakistan nationalised its ________ industry. **1**

(Fill up the blank with correct alternative.)

(A) Medical infrastructure (B) Consumer goods

(C) Capital goods (D) Foreign trade

28. (a) "Farm subsidies put a huge burden on the government finances, but are necessary for the poor and marginal farmers." **3**

Justify the given statement.

**OR**

(b) Discuss briefly the role of small-scale industries in the growth Journey of India. **3**

29. Goals of Equity was fully served by 'abolition of the intermediaries' in agriculture in the post-independence period of India. **3**

Do you agree with given statement ? Support your answer with valid arguments.

30. (a) (i) "National Education Policy 2020 of India stresses a lot on in-service teachers' training." **3**

In the light of the given statement, state and explain any two advantages of such on-the-job trainings in upliftment of education sector of any nation.

(ii) Define Casual Wage Labourer. **1**

**OR**

(b) (i) Elaborate any two reasons owing to which lesser number of women are found in regular salaried employment. **3**

(ii) Define worker – population ratio. **1**

31. (a) "Scholars find son preference as a common phenomenon in India, Pakistan and China." **2**

Justify the given statement in the light of skewed sex-ratio.

(b) State any two liberty indicators. **2**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

32. विस्तृत रूप से समझाएँ कि भारत की आर्थिक सुधार प्रक्रिया ने निम्नलिखित को किस प्रकार प्रभावित किया : 4

(a) कृषि क्षेत्रक

(b) औद्योगिक क्षेत्रक

33. नई दिल्ली में G-20 नेताओं की घोषणा का प्रारंभिक वाक्य है ..... "हम एक पृथ्वी व एक परिवार हैं तथा हम एक भविष्य साझा करते हैं ।"

इस घोषणा में नेताओं ने, 2030 एजेंडा तथा सतत् विकास लक्ष्यों (SDG's) को पूर्णत: व प्रभावी रूप में क्रियान्वित करने का संकल्प लिया है । घोषणापत्र में निहित नेताओं की प्रतिबद्धताएँ "हमारे आस–पास के पारिस्थितिक तंत्र के साथ सद्भाव में रहने के दर्शन को दर्शाती है" ।

घोषणापत्र यह पुष्टि करता है कि, "SDG के 2030 के एजेन्डा पर सोपानपाती चुनौतियों एवं संकटों ने लाभों को उलट कर रख दिया है"

नेताओं ने यह सुनिश्चित किया कि, "किसी भी राष्ट्र को निर्धनता की लड़ाई व पृथ्वी की लड़ाई में से किसी एक का चयन न करना पड़े" ।

सभी नेताओं ने निम्नलिखित के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है :

- मजबूत, सतत्, संतुलित व समावेशी विकास में तीव्र गति;
- 2030 एजेंडा के पूर्ण व प्रभावी कार्यान्वयन में तेज़ी;
- निम्न कार्बन व पर्यावरणीय रूप से सतत् विकास पथ अपनाना;
- बेहतर, व्यापक तथा अधिक प्रभावी वित्त मार्गों के लिए सुधारों को आगे बढ़ाना ।

सभी नेता, "SDG पर प्रगति में तीव्रता लाने के लिए G-20 2023 कार्य योजना के प्रभावी व समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए सामूहिक कार्यवाही करने के लिए प्रतिबद्ध हैं; इसमें भूख व कुपोषण को खत्म करना, वैश्विक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना तथा स्वास्थ्य दृष्टिकोण को लागू करना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना सम्मिलित है ।"

(a) SDG की उपलब्धि में सामूहिक युद्ध के महत्त्व का उल्लेख व व्याख्या करें । 3

(b) 'वन–हेल्थ' प्रस्ताव को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु जी-20 नेताओं की कार्य योजना की संक्षेप में चर्चा करें । 3



collegedunia
India's largest Student Review Platform

32. Elaborate how the economic reforms process of India impacted the following : **4**

(a) Agriculture sector

(b) Industrial sector

33. "We are One-Earth, One Family and we share One Future." is the opening sentence of the G-20 New Delhi Leader's Declaration Statement.

In this statement the leaders pledged to "resolve to fully and effectively implement the 2030 Agenda and the Sustainable Developmental Goals (SDG's)". The leader's commitments contained in the Declaration statement reflect, "the philosophy of living in harmony with our surrounding ecosystem".

The Declaration recognises the "Cascading challenges and crisis that have reversed gains" on the 2030 Agenda of SDG's.

The leaders "affirm that no country should have to choose between fighting poverty and fighting for our planet".

The leaders resolved to act

- accelerate strong, sustainable, balanced and inclusive growth;
- accelerate the full & effective implementation of 2030 Agenda
- pursue low-carbon and environmentally sustainable development pathways;
- Pursue reforms for better, comprehensive and more effective finance avenues.

The leaders commit to "taking collective actions for effective and timely implementation of the G-20 2023 Action Plan to accelerate progress on the SDG's; including through actions on eliminating hunger and malnutrition, strengthening global health and implementation of One Health approach, and delivering quality education."

(a) State and discuss the importance of collective fight in achieving SDG's. **3**

(b) Discuss briefly the action plan of G-20 leaders in promoting 'One Health' approach. **3**



collegedunia
India's largest Student Review Platform

34. (a) (i) सरकार द्वारा कृषि विपणन सुधार के लिए अपनाए गए किन्हीं दो उपायों की व्याख्या करें। 3

(ii) ग्रामीण विकास में साख के महत्त्व की व्याख्या करें। 3

**अथवा**

(b) (i) 'भारत सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके स्वयं को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित कर सकता है।' 3

दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध करें।

(ii) "अनौपचारिक क्षेत्र के बजाय औपचारिक क्षेत्र में रोज़गार उत्पन्न करना आवश्यक है।" 3

मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध करें।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

34. (a) (i) Discuss any two measures initiated by the government to improve Agricultural marketing in India. **3**

(ii) Elaborate the importance of credit in rural development. **3**

**OR**

(b) (i) 'India can transform itself knowledge-based economy by using information technology.' **3**

Justify the given statement.

(ii) "It is necessary to generate employment in the formal sector rather than the informal sector." **3**

Justify the given statement with valid arguments.



collegedunia
India's largest Student Review Platform

collegedunia
India's largest Student Review Platform